<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–20.03.2024 (सुबह 08:30 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव के पहले चरण की 102 लोकसभा सीटों के लिए जारी की अधिसूचना, 27 और 28 मार्च तक होगा नामांकन।

- झारखंड उच्च न्यायालय ने प्रोन्नति में दिये जाने वाले आरक्षण पर तत्काल लगायी रोक, राज्य सरकार की ओर से 2003 में लाया गया संकल्प अगले आदेश तक अब नहीं होगा प्रभावी।

- संघ लोक सेवा आयोग ने लोकसभा चुनाव को लेकर सिविल सर्विस की परीक्षा की तिथि में किया बदलाव, 26 मई की जगह 16 जून को होगी परीक्षा।

- ईडी, बरियातू रोड स्थित बर्लिन अस्पताल की जमीन मामले में आइएएस अधिकारी अविनाश कुमार की पत्नी प्रीति कुमार से आज करेगी पूछताछ।

- राज्य के कई भागों में आज और कल तेज हवा के साथ बारिश की संभावना, तापमान में तीन से चार डिग्री की आयी गिरावट, 22 मार्च से साफ होगा मौसम।

*********************

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनावों के पहले चरण के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। इस चरण में 17 राज्यों और चार केन्द्र शासित प्रदेशों में 102 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव होगा। पहले चरण में तमिलनाडु, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, असम और महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल, अरूणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, छत्तीसगढ, मिजोरम, नगालैण्ड, सिक्किम, त्रिपुरा, अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह, जम्मू–कश्मीर, लक्षद्वीप और पुदुचेरी में चुनाव होगा। इस महीने की 27 और 28 तारीख तक नामांकन भरे जा सकते हैं। मतदान 19 अप्रैल को होगा

*********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में स्टार्टअप महाकुंभ को संबोधित करेंगे। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा, यह एक ऐसा मंच है जो स्टार्टअप्स, इनोवेटर्स और उभरते उद्यमियों की दुनिया के हितधारकों को एक साथ लाता है। प्रधानमंत्री ने कहा, स्टार्टअप की दुनिया में भारत की प्रगति पिछले कुछ वर्षों में अभूतपूर्व रही है। तीन दिवसीय स्टार्टअप महाकुंभ की शुरुआत सोमवार को हुई थी। इसमें एआई, बी2बी, एग्रीटेक, डीपटेक, क्लाइमेट टेक, गेमिंग, ई–स्पोर्ट्स, फिनटेक, इनक्यूबेटर और एक्सेलेरेटर पर खास फोकस किया गया है।

*********************

झारखंड हाईकोर्ट ने प्रोन्नति में दिये जाने वाले आरक्षण पर तत्काल रोक लगा दी है। इस आरक्षण के खिलाफ दायर याचिका की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने आदेश में कहा कि झारखंड सरकार आज से प्रोन्नति में आरक्षण नहीं दे सकती है, जब तक सरकार सुप्रीम कोर्ट के जरनैल सिंह जजमेंट 1, 2 और एम नागराज केस के दिशा–निर्देश के आलोक में नयी नियमावली नहीं बनाती। दाखिल याचिका में कहा गया था कि झारखंड सरकार का 31 मार्च 2003 का संकल्प गलत है, क्योंकि इसमें सुप्रीम कोर्ट के एम नागराज जजमेंट एवं जरनैल सिंह जजमेंट की गाइडलाइन का पालन नहीं किया गया है।

*********************

लोकसभा चुनाव को लेकर संघ लोग सेवा आयोग– यूपीएससी ने सिविल सर्विस परीक्षा 2024 की तारीख में बदलाव किया है। पहले यह परीक्षा 26 मई 2024 को होनी थी, अब परीक्षा 16 जून को करायी जायेगी। अप्रैल से जून 2024 तक देश में लोकसभा चुनाव होंगे। ऐसे में इस परीक्षा की तिथि आगे बढ़ाने का फैसला लिया गया।

*********************

चुनाव आयोग ने मीडिया कर्मियों को डाक मतपत्र के जरिये वोट डालने की अनुमति दे दी है। कल आयोग ने इस संबंध में एक अधिसूचना प्रकाशित की है। पहले जरूरी सेवाओं से जुड़े लोग पोस्टल बैलेट के जरिए अपना वोट डाल सकते थे, लेकिन अब मीडियाकर्मी भी इसका लाभ उठा सकते हैं। आयोग ने इसके लिए एक नोडल अधिकारी नामित करने का प्रावधान किया है।

*********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*********************

ईडी, बरियातू रोड स्थित बर्लिन अस्पताल की जमीन मामले में आइएएस अधिकारी अविनाश कुमार की पत्नी प्रीति कुमार से आज पूछताछ करेगी। इससे पहले 12 जनवरी को भी उनसे पूछताछ की गयी थी। इडी ने जमीन घोटाले की जांच के दौरान राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप के घर पर छापेमारी की थी। उस दौरान जमीन के दस्तावेज मिले थे। इधर इडी ने कल हटिया डीएसपी प्रमोद मिश्रा से पूछताछ की। उन पर साहिबगंज में अपने पदस्थापन के दौरान बरहरवा टोल प्लाजा विवाद में दर्ज प्राथमिकी का सुपरविजन 24 घंटे में करने का आरोप है। सुपरविजन में पंकज मिश्रा और मंत्री आलमगीर आलम को निर्दोष करार दिया था।

*********************

घाघीडीह सेंट्रल जेल में बंदियों के इलाज के लिए चिकित्सकों की कमी है।

*********************

मौसम विभाग ने आज भी गुमला, खूंटी, रांची, सिमडेगा और पश्चिम सिंहभूम में गर्जन के साथ बारिश की संभावना जतायी है। इस दौरान 40—50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने के साथ वज्रपात की भी संभावना है। वहीं कल 21 मार्च को भी राज्य के उत्तर—पूर्वी, दक्षिण—पूर्वी और निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं—कहीं गर्जन के साथ बारिश की संभावना है। बारिश से तापमान में 3—4 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। उधर गोड्डा जिले के कुछ क्षेत्रों में ओलावृष्टि से प्याज एवं अन्य फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। गोड्डा के निपनिया एवं नूनबाट्टा गांव और उसके आसपास अच्छी खेती होती है, लेकिन दो दिनों की ओलावृष्टि के बाद लगभग 100 एकड़ में प्याज की लगी फसल बर्बाद हो गई है। किसानों ने प्रशासन से नुकसान का शीघ्र आकलन कर उसकी भरपाई का अनुरोध किया है।

*********************

- चतरा के टंडवा थाना क्षेत्र स्थित आम्रपाली कोल परियोजना में एसीबी ने परियोजना में कार्यरत सीसीएल के ओवरसियर रामभजु और दलाल अशोक राम को 25 हजार घूस लेते गिरफ्तार किया है।
- पेट्रोल हत्याकांड में अभियुक्त शाहरूख हुसैन एवं नईम अंसारी उर्फ छोटू दोषी सिद्ध पाया गया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम रमेश चंद्रा की कोर्ट में सजा के बिन्दु पर 28 मार्च को सुनवाई होगी।
- साहेबगंज में लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर जिला प्रशासन और नागरिक एकादश के बीच फ्रेंडली क्रिकेट मैच खेला गया। उपायुक्त हेमंत सती ने शत प्रतिशत वोटिंग के लिए लोगों को जागरूक किया।

- सरायकेला खरसावां में कल मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने लोकसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन कोषांग के पदाधिकारियों, सहायक निर्वाची पदाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को बूथों में जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

*********************

<u>अखबारों की सुर्खियां–</u>

राजधानी रांची से प्रकाशित अधिकांश अखबारों ने जामा से झामुमो विधायक और शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन के भाजपा में शामिल होने की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।
प्रभात खबर की सुर्खी है– शिबू परिवार में टूट, सीता भाजपा में, लड़ेंगी चुनाव। राष्ट्रीय नवीन मेल और रांची एक्सप्रेस ने सीता सोरेन के पार्टी छोड़ने पर सीएम चंपाई सोरेन की हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन से मुलाकात की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
दैनिक भास्कर ने वंदना दादेल के गृह और कारा विभाग की प्रधान सचिव बनाये जाने की खबर को पहले पेज पर जगह दी है।
वहीं पशुपति कुमार पारस के केंद्रीय मंत्री पद से इस्तीफा देने की खबर को दैनिक जागरण पहले पेज पर जगह दी है। हिन्दुस्तान ने विंसेंट के रांची डायसिस के धर्माध्यक्ष बनने की खबर को पहले पेज पर बॉटम खबर बनाया है। द टाइम्स ऑफ इंडिया ने हटिया डीएसपी प्रमोद मिश्रा से इडी की पूछताछ की खबर को पहले पेज पर जगह दी है। वहीं हिन्दुस्तान टाइम्स ने 2023 में भारत के सर्वाधिक प्रदूषित देश होने की रिपोर्ट को प्रकाशित किया है।

*********************